तत्पश्चात् श्री राधाचरण अग्रवाल बहैसियत मुख्त्यारआम श्री जगदीश ने उक्त वर्णित सम्पूर्ण सम्पत्ति प्लाट नम्बर 1129, कुल क्षेत्रफल 1250 वर्गमीटर को जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र लिखा हुआ दिनांक 29 अक्टूम्बर सन् 2012 ईस्वी, जिसका पंजीयन कार्यालय उप पंजीयक जयपुर पंचम् के यहां पुस्तक संख्या 01, जिल्द संख्या 585 में पृष्ठ संख्या 187, क्रम संख्या 2012397018795 पर दिनांक 06.11.2012 ईस्वी को पंजीबद्व किया गया तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 01, जिल्द संख्या 2340 के पृष्ठ संख्या 443 से 453 पर चस्पा किया गया हैं के द्वारा सुश्री अनुश्री सोनी पुत्री श्री शैलेन्द्र सोनी निवासिनी मकान नम्बर 25, पुष्पा पथ, उनियारा गार्डन, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर को विक्रय कर दिया, इसके पश्चात् सुश्री अनुश्री सोनी ने उक्त वर्णित सम्पूर्ण सम्पत्ति को कार्यालय जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर में अपने नाम जरिये नाम प्रतिस्थापन पत्र क्रमांक जविप्रा/उपा./जोन–15/सेज/2013/डी–1103, दिनांक 17.04.2013 ईस्वी के द्वारा अपने नाम हस्तान्तरित करवा लिया, तत्पश्चात् सुश्री अनुश्री सोनी ने उक्त वर्णित सम्पूर्ण सम्पत्ति को जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र लिखा हुआ दिनांक 21 अप्रैल सन् 2014 ईस्वी, जिसका पंजीयन कार्यालय उप पंजीयक जयपुर सप्तम् के यहां पुस्तक संख्या 01, जिल्द संख्या 263 में पृष्ठ संख्या 174, क्रम संख्या 201440003509 पर दिनांक 22.04.2014 ईस्वी को पंजीबद्व किया गया तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 01, जिल्द संख्या 1052 के पृष्ठ संख्या 323 से 336 पर चस्पा किया गया हैं के द्वारा श्री कमल किशोर सौमानी पुत्र श्री पूरण मल सौमानी हिस्सा 72.5 प्रतिशत (प्रथम पक्ष में से प्रतिज्ञ संख्या 02) एवं श्री भानू हल्दिया पुत्र श्री सूरज नारायण हल्दिया हिस्सा 27.5 प्रतिशत (प्रथम पक्ष में से प्रतिज्ञ संख्या 03) को उक्त हिस्से अनुसार विक्रय कर दिया, इसके पश्चात् श्री कमल किशोर सौमानी एवं श्री भानू हल्दिया ने उक्त वर्णित सम्पूर्ण सम्पत्ति को कार्यालय जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर में अपने नाम जरिये नाम प्रतिस्थापन पत्र क्रमांक जविप्रा/उपा./जोन–15/सेज/2014/डी–5278, दिनांक 22.08.2014 ईस्वी के द्वारा अपने नाम हस्तान्तरित करवा लिया तथा उक्त वर्णित भूखण्ड संख्या

For JAIPUR GRAND
PARTNER

For Samanvay Infrabuild LLP
Designated Partner

उप पंजीयक
जयपुर, सप्तम

SUB-REGIST
SUB-REGISTRAR, JAIPUR

1129 के क्षेत्रफल में कार्यालय जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर द्वारा संशोधिन कर कुल क्षेत्रफल 1100 वर्गमीटर का स्पेशल इकोनोमिक जोन (SEZ) पुर्नवास योजना में पट्टा विलेख/विक्रय पत्र संख्या 5591, दिनांक 12.01.2015 ईस्वी को प्रथम पक्ष में से प्रतिज्ञ संख्या 02 श्री कमल किशोर सौमानी हिस्सा 72.5 प्रतिशत एवं प्रथम पक्ष में से प्रतिज्ञ संख्या 03 श्री भानू हल्दिया हिस्सा 27.5 प्रतिशत के अनुसार जारी किया कर दिया गया हैं, जिसको पंजीयन हेतू कार्यालय उप पंजीयक जयपुर सप्तम् के यहां दिनांक 04.02.2015 ईस्वी को प्रस्तुत किया, जिसका पंजीयन पुस्तक संख्या 01, जिल्द संख्या 301 में पृष्ठ संख्या 108, क्रम संख्या 2015400000821 पर दिनांक 04.02.2015 ईस्वी को पंजीबद्ध किया गया तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 01, जिल्द संख्या 1203 के पृष्ठ संख्या 109 से 117 पर चस्पा किया गया हैं, इस प्रकार उक्त वर्णित सम्पूर्ण प्लाट में से हिस्से 72.5 प्रतिशत का प्रथम पक्ष में से प्रतिज्ञ संख्या 02 श्री कमल किशोर सौमानी एवं हिस्से 27.5 प्रतिशत का प्रथम पक्ष में से प्रतिज्ञ संख्या 03 श्री भानू हल्दिया सम्मिलित रूप से मालिक, काबिज, स्वामी व अधिकारी हुये।

तत्पश्चात् {1} श्री कमल किशोर सौमानी पुत्र श्री पूरण मल सौमानी, निवासी प्लाट नम्बर बी–68, कैलाश मार्ग, बनीपार्क, जयपुर एवं {2} श्री भानू हल्दिया पुत्र श्री सूरजनारायण हल्दिया, निवासी प्लाट नम्बर मकान नम्बर 188, विवेकानन्द मार्ग, निर्माण नगर–ए.बी., अजमेर रोड़, जयपुर (राज.) ने उक्त वर्णित सम्पूर्ण सम्पत्ति को जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र लिखा हुआ दिनांक 04 मई सन् 2015 ईस्वी, जिसका पंजीयन कार्यालय उप पंजीयक जयपुर सप्तम् के यहां पुस्तक संख्या 01, जिल्द संख्या 314 में पृष्ठ संख्या 190, क्रम संख्या 2015400003503 पर दिनांक 04.05.2015 ईस्वी को पंजीबद्ध किया गया तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 01, जिल्द संख्या 1256 के पृष्ठ संख्या 492 से 506 पर चस्पा किया गया हैं के द्वारा प्रथम पक्ष को विक्रय कर उक्त वर्णित सम्पूर्ण सम्पत्ति प्लाट नम्बर 1129 का वास्तविक खाली कब्जा मौके पर मय समस्त असल दस्तावेजों के सम्भला दिया। इस प्रकार प्रथम पक्ष उक्त वर्णित सम्पूर्ण सम्पत्ति का एकमात्र मालिक, काबिज, स्वामी व अधिकारी हुआ।

इस प्रकार प्रथम पक्ष उक्त वर्णित दोनों प्लाटों का एकमात्र रूप से मालिक, काबिज, स्वामी व अधिकारी हैं एवं उक्त सम्पत्ति पर प्रथम पक्ष निर्विवाद एकमात्र स्वामी, मालिक व अधिकारी है एवं सम्पत्ति प्रत्येक प्रकार के झगड़े, टंटे, कुर्की, डिक्री, अधिग्रहण (अवाप्ति) इत्यादि से मुक्त हैं।

प्रथम पक्ष उक्त सम्पत्ति (भूखण्ड) पर प्रस्तावित आवासीय परिसर विकसित करना चाहता है लेकिन प्रथम पक्ष के पास उक्त कार्य निष्पादित करने के लिए पर्याप्त साधन एवं अनुभव नहीं है एवं द्वितीय पक्ष विकास कर्ता का मुख्य प्रयोजन एवं उद्देश्य उक्त प्रकार की आवासीय परिसरों की परियोजना को विकसित कर विक्रय करना है जिसके लिए द्वितीय पक्ष विकासकर्ता सभी सुविधाओं से सम्पन्न है एवं पूरी तरह से निपुण है। इसलिए प्रथम पक्ष ने उक्त आशय का प्रस्ताव द्वितीय पक्ष विकासकर्ता के सम्मुख रखा जिसे द्वितीय पक्ष विकासकर्ता ने इस विकास अनुबन्ध में तयशुदा शर्तों के अध्यधीन सहर्ष स्वीकार कर प्रथम पक्ष को संसूचित कर दिया इसलिए यह विकास अनुबन्ध दोनों पक्षों के मध्य निम्न शर्तों पर लेखबद्ध किया जाकर निष्पादित

For JAIPUR GRAND
PARTNER

For Samanvay Infrabuild LLP
Designated Partner

उप पंजीयक
जयपुर, सप्तम

SUB-REG
(राज.) SUB-REGISTRAR, JAIP
सत्यमेव जयते

किया जा रहा हैं :-

1. परियोजना भूखण्ड :-

प्रथम पक्ष के प्लाट नम्बर 1128, कुल क्षेत्रफल 1100 वर्गमीटर एवं प्लाट नम्बर 1129, कुल क्षेत्रफल 1100 वर्गमीटर हैं, जिन्हें इस विकास अनुबन्ध में आगे चलकर **परियोजना भूखण्ड** के नाम से सम्बोधित किया हुआ है, पर द्वितीय पक्ष विकासकर्ता आवासीय परिसर की परियोजना विकसित करेगा।

2. मालिक (प्रथम पक्ष) की जिम्मेदारी :-

1. उक्त सम्पत्ति पर प्रथम पक्ष निर्विवाद एकमात्र स्वामी, काबिज, मालिक व अधिकारी है एवं उक्त सम्पत्ति प्रत्येक प्रकार के झगड़े, टंटे, कुर्की, डिक्री, अधिग्रहण (अवाप्ति) एवं सिलिंग इत्यादि से मुक्त है, भूमि का टाईटल स्पष्ट एवं साफ है तथा प्रथम पक्ष घोषणा करता है कि उक्त सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार का कोई विवाद नहीं है एवं किसी भी सरकारी, अर्द्ध सरकारी अथवा स्थानीय निकाय द्वारा अवाप्ति में नहीं है।
2. प्रथम पक्ष घोषणा करता है एवं विश्वास दिलाता है कि उक्त सम्पत्ति के समस्त दस्तावेजात अपनी स्वयं की हिफाजत में आग, पानी इत्यादि से बचाकर रखेगा एवं समस्त दस्तावेजात की प्रमाणित एवं स्वयं के हस्ताक्षर की हुई प्रति द्वितीय पक्ष को इस विकास अनुबन्ध के निष्पादन के समय उपलब्ध करायेगा।
3. प्रथम पक्ष ने उक्त परियोजना भूखण्ड को कहीं भी ना तो बंधक रखा है एवं ना ही उक्त परियोजना भूखण्ड पर अथवा उसके किसी भी भाग पर किसी भी प्रकार का कोई ऋण, किसी भी सरकारी/अर्द्ध सरकारी बैंक अथवा अन्य वित्तीय संस्थानों से प्राप्त किया है तथा प्रथम पक्ष परियोजना भूखण्ड को प्रस्तावित आवासीय परिसर के विकास के लिये प्रस्तुत करेगा एवं सभी प्रभारों एवं दायित्वों से मुक्त रखेगा एवं इस विकास अनुबन्ध के प्रभावी रहने के दौरान कोई भार तृतीय पक्ष का हित, अधिकार आदि उत्पन्न नहीं करेगा और ना ही होने देगा।
4. प्रथम पक्ष घोषणा करता है कि ना तो किसी से उक्त परियोजना भूखण्ड पर किसी अन्य व्यक्ति से/कम्पनी/फर्म/संस्था आदि से किसी भी प्रकार का कोई अनुबन्ध निष्पादित किया है एवं ना ही किसी भी व्यक्ति/कम्पनी/फर्म/संस्था आदि से उनके हित में विक्रय पत्र अथवा रसीद अथवा किसी भी प्रकार की कोई लिखावट निष्पादित की है।
5. आज दिनांक तक प्रथम पक्ष द्वारा ना तो किसी भी सरकारी विभाग, स्थानीय विभाग, न्यायालय से भूमि के स्वामित्व के सम्बन्ध में नोटिस प्राप्त किया है तथा ना ही उसकी जानकारी में है एवं ना ही प्रथम पक्ष की उक्त सम्पत्ति पर उनके कानूनी अधिकारी प्रभावित होते है।
6. प्रथम पक्ष, द्वितीय पक्ष को पूर्णरूपेण विश्वास दिलाता है कि उक्त सम्पत्ति पर किसी भी न्यायालय ने किसी भी प्रकार की कोई डिक्री पारित नहीं की है, ना ही सम्पत्ति का कोई भाग किसी भी सरकारी विभाग, स्थानीय निकाय द्वारा अवाप्ति की प्रक्रिया में है।
7. प्रथम पक्ष घोषणा करता है कि विकास अनुबन्ध होने के बाद अगर वह न्यायालय द्वारा

For JAIPUR GRAND
PARTNER

For Samanvay Infrabuild LLP
Designated Partner

उप पंजीयक
जयपुर, सप्तम

पंजीयन विभाग
सत्यमेव जयते
SUB-REGISTRAR, JAIPUR

सम्पत्ति बाबत किसी भी प्रकार का नोटिस, किसी भी प्रकार का कोई वाद जो विकास अनुबन्ध के बाद उत्पन्न होगा और न्यायालय में विचाराधीन हो या किसी भी प्रकार का कोई प्रमाण पत्र अथवा डिक्री इत्यादि को प्राप्त होगी अथवा जारी होने की जानकारी प्राप्त होते ही वह द्वितीय पक्ष को सूचित करेगा एवं उक्त समस्त कार्यवाहियों का द्वितीय पक्ष अपने स्वयं के स्तर पर अपने हर्जे–खर्चे पर निस्तारण करेगा। विकास अनुबन्ध होने से पूर्व के समस्त वाद–विवाद प्रथम पक्ष अपने हर्जे–खर्चे पर निपटायेगा।

8. यह कि भूमि के टाईटल से संबंधित समस्त प्रकार की जिम्मेदारी भूतकाल में, वर्तमान में एवं निकट भविष्य में प्रथम पक्ष की एवं उनके उत्तराधिकारीयों की होगी।

9. यह कि भूमि पर लगने वाले समस्त प्रकार के कर, रेवेन्यु विभाग के सभी प्रकार के कर/किसी भी प्रकार की बकाया, स्थानीय सरकार/नगर निगम/जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा उक्त भूमि बाबत् लगाये जाने वाले सभी प्रकार के कर की अदायगी की जिम्मेदारी प्रथम पक्ष की विकास अनुबन्ध होने की तारीख तक देय होगी। इसके पश्चात् विकास अनुबन्ध में दिये गये अनुपात के अनुसार पजेशन प्राप्त करने के बाद अपने अनुपात से देय होगा।

10. यह कि प्रथम पक्ष सभी प्रकार के मालिकाना कर, ड्यूज आदि जैसे बिजली एवं पानी के बिलों का भुगतान करेगा, पजेशन द्वितीय पक्ष को देने तक एवं द्वितीय पक्ष निर्माण अवधि में ही बिजली, पानी एवं टेलीफोन के बिलों का भुगतान करेगा।

3. <u>विकासकर्ता (द्वितीय पक्ष) की जिम्मेदारी :–</u>

1. यह कि विकासकर्ता द्वारा आवासीय परियोजना का निर्माण 30 महिनों में परियोजना निर्माण के नक्शे अप्रुव्ड होने के बाद पूर्ण कर लिया जावेगा यदि किसी भी परिस्थिति में दैवीय प्रकोप के कारण, विकास अनुबन्ध पर हस्ताक्षर से पूर्व के स्टे–ऑर्डर, स्थानीय अथवा केन्द्र सरकार द्वारा किसी भी कारण से रोक लगाना, मैटेरियल उपलब्ध होने में विपरीत परिस्थितियाँ होना जैसे हड़ताल आदि, मानवीय कश्त्य जैसे दंगे, कर्फ्यू, हड़ताल आदि में लगने वाला समय परियोजना के निर्माण अवधि में नहीं माना जावेगा।

2. द्वितीयपक्ष विकासकर्ता भवन निर्माण का कार्य प्रारंभ किये जाने की तिथि से 30 माह के भीतर उक्त प्रस्तावित बहुमंजिला आवासीय परिसर का निर्माण एवं विकास कार्य पूर्ण कर सकेगा लेकिन यहां यह स्पष्ट किया जाता है कि यदि किसी भी दैविक प्रकोप, कर्फ्यू, भूकम्प, प्राकृति आपदा आदि एवं सीमेन्ट, लोहा, कॉन्क्रीट, बजरी, अन्य भवन निर्माण सामग्री आदि की कमी या रोक आदि के कारण द्वितीयपक्ष विकासकर्ता उक्त 30 (तीस) माह की अवधि में उक्त प्रस्तावित बहुमंजिला आवासीय परिसर का विकास एवं निर्माण करने में असमर्थ हो जावे तो उक्त 30 (तीस) माह की अवधि उक्त सभी बातों के प्रभावी रहने की समयावधि के अनुपात में आगे बढ जावेगी। अगर द्वितीय पक्ष विकासकर्ता उक्त परियोजना को 36 माह में भी पूरी नहीं कर पाता हैं तो प्रथम पक्ष को द्वितीय पक्ष द्वारा 50,000/– रुपये प्रतिमाह पैनल्टी के रूप में प्रथम पक्ष को देने के लिये बाध्य होगा।

3. द्वितीय पक्ष विकासकर्ता उक्त परियोजना भूखण्ड पर प्रस्तावित आवासीय परिसर के

For JAIPUR GRAND
PARTNER

For Samanvay Infrabuild LLP
Designated Partner

उप पंजीयक
जयपुर, सप्तम्

जयपुर (
पंजीयन वि
सत्यमेव
SUB-REGIS

(सप्तम) (राज.)
पंजीयन विभाग
सत्यमेव जयते
SUB-REGISTRAR, JAIPUR

निर्माण एवं विकास के लिये कुशल वास्तुकार, ठेकेदार, अभियन्ता, मजदूर, कारीगर आदि, भवन निर्माण सामग्री के लिए ठेकेदार आदि अपने स्वयं खर्चे पर नियुक्त कर सकेगा।

4. द्वितीय पक्ष विकासकर्ता जयपुर नगर निगम/जयपुर विकास प्राधिकरण परियोजना भवन मानचित्र अनुमोदित करवायेगा एवं जिसमें होने वाला समस्त खर्चा उसके द्वारा वहन किया जावेगा।

5. यदि ठेकेदार, अभियन्ता, मजदूर, कारीगर आदि व्यक्तियों में से किसी से भी किसी भी प्रकार का कोई भी विवाद होने पर उसका निपटारा करने का उत्तरदायित्व द्वितीय पक्ष विकासकर्ता का होगा।

6. द्वितीय पक्ष विकासकर्ता परियोजना विकास एवं निर्माण के सम्बन्ध में जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर नगर निगम, पड़ौसी, स्थानीय निकाय एवं निर्माण से सम्बन्धित अन्य कोई संस्थान द्वारा यदि किसी भी प्रकार कोई आपत्ति / नोटिस जारी किया जाता है तो उसके सम्बन्ध में द्वितीय पक्ष विकासकर्ता उसे अपने स्तर पर निपटाएँ जाने के लिए उत्तरदायी होगा एवं साथ ही साथ यदि द्वितीय पक्ष विकासकर्ता परियोजना विकास एवं निर्माण के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार के कोई भी नियमों, आदेशों, परिपत्रों आदि का उल्लंघन करता है तो इसके लिए द्वितीय पक्ष विकासकर्ता स्वयं ही उत्तरदायी होगा।

7. उक्त प्रस्तावित आवासीय परिसर के विकास एवं निर्माण के लिए प्रयुक्त निर्माण सामग्री आदि में एवं निर्माण कार्य के दौरान होने वाला हर प्रकार का हर्जा–खर्चा द्वितीय पक्ष विकासकर्ता अपने स्तर पर वहन करेगा। यहां यह भी लिखना जरूरी है कि निर्माण सामग्री जो लगाई जावेगी वह इस विकास अनुबन्ध के साथ संलग्न शिड्यूल–ए में अंकित की गई है, उसी के अनुरूप निर्माण सामग्री व फिटिंग्स इत्यादि लगाई जायेगी अर्थात् जो भी प्रोजेक्ट में सामान का उपयोग होगा व शिड्यूल–ए में जो स्पेसिफिकेशन दिया गया है, के अनुरूप लगाया जावेगा। इसमें कोई चूक होती है तो विकासकर्ता शिड्यूल–ए में दिये गये स्पेसिफिकेशन के अनुसार सामान लगाने को बाध्य होगा। इसमें अलग से समय–गणना नहीं की जावेगी। निर्माण नगर निगम, जयपुर विकास प्राधिकरण एवं एन.बी.सी. (नेशनल बिल्डिंग कोड) के अर्न्तगत किया जायेगा।

8. उक्त प्रस्तावित आवासीय परियोजना के प्रचार–प्रसार होर्डिंग्स, विज्ञापन आदि में आने वाला समस्त हर्जा–खर्चा द्वितीय पक्ष विकासकर्ता अपने स्तर पर वहन करेगा।

9. वास्तुकारों, सलाहकारों, ठेकेदारों, मैनेजरों, मजदूरों, कारीगरों आदि को की जाने वाली राशि का भुगतान द्वितीय पक्ष विकासकर्ता अपने हर्जे–खर्चे पर वहन करेगा।

10. इस विकास अनुबन्ध को उप–पंजीयक कार्यालय मे पंजीकृत करवाया जावेगा एवं पंजीकरण में होने वाला खर्चा, स्टाम्प ड्यूटी में होने वाला खर्चा इत्यादि द्वितीय पक्ष विकासकर्ता अपने स्वयं के खर्चे पर वहन करेगा।

11. द्वितीय पक्ष विकासकर्ता विकास एवं निर्माण की सुरक्षा के संबंध में किसी भी प्रकार का बीमा, दुर्घटना बीमा इत्यादि करवाना चाहे तो द्वितीय पक्ष विकासकर्ता को यह अधिकार

For JAIPUR GRAND
PARTNER

For Samanvay Infrabuild LLP
Designated Partner

उप पंजीयक
जयपुर, सप्तम

जयपुर
पंजीयन
SUB-REG

(प्रथम) (राज.)
विभाग
सत्यमेव जयते
SUB-REGISTRAR

होगा कि वह उक्त प्रकार से विकास एवं निर्माण के संबंध में हर प्रकार की दुर्घटना बीमा एवं विकास एवं निर्माण के संबंध में उपयुक्त प्रकार का बीमा करवाएगा जिसमें प्रथम पक्ष की किसी भी प्रकार की कोई कानूनी जिम्मेदारी नहीं होगी।

4. **मालिक (प्रथम पक्ष) एवं विकासकर्ता (द्वितीय पक्ष) द्वारा घोषणा :–**

1. यह कि यदि बेटरमेन्ट लेवी एवं अतिरिक्त एफ.ए.आर क्रय किया जाता है तो क्रय करने में होने वाला समस्त खर्चा द्वितीय पक्ष द्वारा वहन किया जावेगा।
2. यह कि परियोजना का मूल्य प्रथम पक्ष व द्वितीय पक्ष द्वारा तय किया जावेगा एवं दोनों पक्ष तय रेट पर ही यूनिट्स को बुक एवं विक्रय करेंगे, तय रेट से कम मूल्य पर युनिट का विक्रय नहीं किया जावेगा।
3. यह कि प्रोजेक्ट प्रचार एवं प्रसार के अधिकार प्रथम पक्ष द्वारा द्वितीय पक्ष के हक में स्थानान्तरित कर दिये जावेंगे अर्थात् द्वितीय पक्ष द्वारा किया जावेगा।
4. यह कि दोनों पक्ष सहमत है कि द्वितीय पक्ष द्वारा एक अच्छा एवं गुणवत्त युक्त आर्कीटेक्ट एवं इंजीनियर निर्माण स्थल पर नियुक्त किया जावेगा। समय–समय पर प्रथम पक्ष भी अपने आर्कीटेक्ट, इंजीनियर एवं अन्य तकनीकी व्यक्ति को नियुक्त कर सकेगा।
5. यह कि दोनों पक्ष सहमत है कि उक्त निर्माणाधीन आवासीय परिसर का नाम प्लाट नं. 1128 में **"ATMOSPHERE GRAND"-I** व प्लाट नं. 1129 में **"ATMOSPHERE GRAND" -II** होगा एवं उक्त नाम में किसी भी प्रकार का कोई परिवर्तन रदोबदल नही कर सकेंगे।
6. यह कि दोनों पक्ष सहमत है कि उक्त आवासीय परियोजना में बिक्री योग्य क्षेत्र में दोनों पक्ष 25–75 प्रतिशत के मालिक हैं अर्थात् 25 प्रतिशत शेयर का मालिक प्रथम पक्ष एवं 75 प्रतिशत शेयर का मालिक द्वितीय पक्ष (विकासकर्ता) होगा एवं दोनों पक्षों के शेयर अनुपात में समान रूप से बाजार मूल्य के संदर्भ में प्रथम पक्ष मालिक के हिस्से में प्लाट नं. 1128 में छठी फ्लोर सम्पूर्ण व प्लाट नं. 1129 में प्रथम, तृतीय व पांचवी फ्लोर सम्पूर्ण रहेगी। इसी प्रकार द्वितीय पक्ष (विकासकर्ता) के हिस्से में प्लाट नं. 1128 में प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पांचवीं, सातवीं व आठवीं फ्लोर सम्पूर्ण एवं प्लाट नं. 1129 में द्वितीय, चतुर्थ, छठी, सातवीं, आठवीं फ्लोर सम्पूर्ण के हिसाब से बंटवारा कर लिया।
7. दोनों पक्ष अपने–अपने हिस्से के फ्लेटों/फ्लोर की बुकिंग, विपणन, विक्रय पत्र निष्पादन करवा सकेगें। जिसमें दोनों पक्ष पूर्ण रूप से सहमत है।
8. यह कि द्वितीय पक्ष अपने स्वयं की लागत, जिम्मेदारी, जोखिम पर परियोजना निर्माण कार्य अपने संसाधनों से करेगा।
9. यह कि परियोजना में निर्मित होने वाले कॉमन एरिया जैसे इलेक्ट्रिक रूम, पार्किंग, क्लब हाउस, कॉरिडोर इत्यादि कॉमन रहेंगे।
10. यह कि द्वितीय पक्ष विकासकर्ता जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर/नगर निगम, जयपुर में प्रस्तुत की जाने वाली ग्रीन फाईल में जो नक्शा, एरिया एवं एलीवेशन प्रस्तुत करने से पूर्व प्रथम पक्ष को दिखायेगा एवं उन पर प्रथम पक्ष द्वारा हस्ताक्षर करवा कर

For JAIPUR GRAND
Partner

उप पंजीयक

For Samanvay Infrabuild LLP
Designated Partner

उप पंजीयक जयपुर (
REGIST

उप-पंजीयक जयपुर (सप्तम) (राज.)
SUB-REGISTRAR

लिखित स्वीकृति लेगा।

11. यह कि प्रथम पक्ष के हिस्से 25 प्रतिशत एवं द्वितीय पक्ष के 75 प्रतिशत हिस्से में जो एरिया आएगा उनके वह स्वयं मालिक होंगे तथा यदि किसी फ्लेट में प्रथम पक्ष एवं विकासकर्ता द्वितीय पक्ष का हिस्सा साथ–साथ आता है तो ऐसी स्थिति में या तो प्रथम पक्ष द्वितीय पक्ष से उसका हिस्सा खरीद लेगा या फिर द्वितीय पक्ष प्रथम पक्ष से उससे उस फ्लेट का हिस्सा खरीद लेगा। इसके लिए दोनों पक्षों ने 2,400/– रुपये (अक्षरे दो हजार चार सौ रुपये मात्र) प्रति स्क्वायर फीट मूल्य तय किया है।

5. लाभ एवं वितरण :–

1. इस इकरारनामा (विकास अनुबन्ध) की अन्य शर्तो के अनुसार निर्धारित प्रतिफल के बदले में दोनों पक्ष उक्त परिसर में विक्रय योग्य क्षेत्र को विक्रय किये जाने के फलस्वरूप प्रस्तावित क्रेताओं से प्राप्त होने वाली सभी प्रकार की राशियां जिसमें से उक्त परिसर के रख–रखाव के लिए प्राप्त की गई एकमुश्त प्रतिभूति की राशि, मासिक रख–रखाव शुल्क एवं परिसर पर लगने वाले सेवा कर की राशि को छोडकर शेष बची राशि का निम्न अनुपात में बंटवारा करेगे :–

प्रथम पक्ष स्वामी	–	**25%**
द्वितीय पक्ष विकासकर्ता	–	**75%**
कुल योग	–	**100% (सौ प्रतिशत)**

6. प्रथम पक्ष के टाईटल में खोट :–

1. प्रथम पक्ष भूखण्ड का स्वतंत्र रूप से मालिक एवं काबिज है, यदि उक्त भूखण्ड पर टाईटल सम्बन्धी किसी भी प्रकार का कोई वाद–विवाद भविष्य में उत्पन्न होता है अथवा विचाराधीन है तो उसे अपने हर्जे–खर्चे पर निपटारे की पूर्ण जिम्मेदारी प्रथम पक्ष एवं उनके उत्तराधिकारियों की स्वयं की होगी एवं उसे निपटारे में लगने वाला समय परियोजना पूर्ण होने में निहित नहीं माना जावेगा तथा यदि टाईटल सम्बन्धी वाद–विवाद के अलावा अन्य किसी भी प्रकार के वाद–विवाद के लिए द्वितीय पक्ष विकासकर्ता उत्तरदायी होगा।

7. करों का भुगतान :–

1. प्रथम पक्ष ऑनरशिप से सम्बन्धित विकास अनुबन्ध होने की तिथि तक समस्त प्रकार के करों जिनमें गृह कर, यू.डी. कर, सर्विस कर भी सम्मिलित है, का भुगतान करेगा तथा भविष्य में दोनों पक्ष अपने–अपने अनुपातिक रेश्यो के अनुसार देय होगा।
2. यह कि दोनों पक्ष अपने हिस्से के अनुरूप अपनी–अपनी आय पर लगने वाले इन्कम टैक्स, वेट एवं सेल टैक्स का भुगतान करेंगे।

8. प्रथम पक्ष द्वारा घोषणा :–

1. प्रथम पक्ष इस योजना के विकास एवं विपणन में, जैसी भी स्थिति हो सभी प्रभावी विधियों के प्रावधान एवं राज्य सरकार एवं जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा समय–समय

For JAIPUR GRAND
PARTNER

For Samanvay Infrabuild LLP
Designated Partner

उप पंजीयक
जयपुर, सप्तम

(राज.)
SUB-REGISTRAR, JAIPUR

पर परियोजना के लिए निर्धारित नितियों की पालना करेंगे।

2. प्रथम पक्ष उक्त परियोजना भूखण्ड को प्रस्तावित आवासीय परिसर के विकास के लिए प्रस्तुत करेगा एवं सभी प्रभारों एवं दायित्वों से मुक्त रखेगा एवं इस विकास अनुबन्ध के प्रभावी रहने के दौरान कोई भी तृतीय पक्ष का हित, अधिकार आदि उत्पन्न नहीं करेगा और ना ही होने देगा।

3. यह है कि प्रथम पक्ष घोषणा करता है कि उक्त भूमि जयपुर मास्टर प्लान के आवासीय जोन में है।

4. यह है कि इस अनुबन्ध में प्रथम पक्ष द्वारा द्वितीय पक्ष के प्रति दिया गया हर वचन, ली गई हर शपथ एवं की गई हर घोषणा से उसके उत्तराधिकारी, विधिक प्रतिनिधि, वारिस, निदेशक, अंशधारी, अधिकारी, एजेन्ट, सर्वेन्ट, अर्टोनी, स्थानापन्न आदि सहित बाध्य माने एवं समझे जावेंगे।

5. यह कि निर्माण के दौरान/पूर्ण होने के पश्चात् निर्मित होने वाले समस्त फ्लेट्स इत्यादि को प्रथम पक्ष व द्वितीय पक्ष अपने–अपने स्तर पर कीमत तय करके अपने–अपने हिस्से के फ्लेट्स की बुकिंग करने, अग्रिम राशि प्राप्त करने का अधिकार होगा।

6. यह कि यदि प्रथम पक्ष इस डवलपमेंट एग्रीमेंट की शर्तों की पालना न करें अथवा प्रथम पक्ष बुकिंगशुदा फ्लेट्स के भावी क्रेता के हित में विक्रय पत्र पंजीयन न करावे तो ऐसी अवस्था में द्वितीय पक्ष को इस डवलपमेंट एग्रीमेंट की विशिष्ट अनुपालना करवाने व सम्पत्ति के विक्रय पत्र/विक्रय पत्रों की रजिस्ट्री कराने व खर्चा, हर्जा वसूल करने का पूर्ण अधिकार होगा।

<u>9. द्वितीय पक्ष द्वारा घोषणा :–</u>

1. विकास एवं निर्माण कार्य के दौरान द्वितीय पक्ष विकासकर्ता हर प्रकार की युक्तियुक्त सावधानी बरतेगा यदि तद्उपरान्त भी कोई दुर्घटना घट जाती है तो उससे उत्पन्न हुए किसी भी प्रकार के दुष्परिणाम के लिए द्वितीय पक्ष विकासकर्ता स्वयं जिम्मेदार होगा एवं जिसका निपटारा द्वितीय पक्ष विकासकर्ता अपने स्तर पर अपने हर्जे–खर्चे पर करेगा।

2. द्वितीय पक्ष विकासकर्ता विकास एवं निर्माण के संबंध में जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर/जयपुर नगर निगम/स्थानीय निकाय/विकास एवं निर्माण से संबंधित अन्य कोई भी संस्थान द्वारा यदि किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति/नोटिस जारी किया जाता है तो उसके संबंध में द्वितीय पक्ष विकासकर्ता उसे अपने स्तर पर निपटाए जाने के लिए उत्तरदायी होगा एवं साथ ही साथ यदि द्वितीय पक्ष विकासकर्ता विकास एवं निर्माण के संबंध में उक्त किसी भी प्रकार का कोई भी नियमों, अनुमोदन, परिपत्रों आदि का उल्लंघन करता है तो उसके लिए उक्त परियोजना भूखण्ड को उत्तरदायी नही ठहराया जा सकेगा।

3. यह है कि द्वितीय पक्ष जो भी निर्माण करेगा वह पासशुदा नक्शे के अनुरूप करेगा ताकि किसी प्रकार का नोटिस इत्यादि अवैध निर्माण का नही आ सके। अगर पासशुदा नक्शे के उपरान्त कोई निर्माण कार्य विकासकर्ता द्वारा किया जाता है तो उसकी समस्त

For JAIPUR GRAND
PARTNER

For Samanvay Infrabuild LLP
Designated Partner

उप पंजीयक
जयपुर, सप्तम

SUB-REGIST
(सप्तम) (राज.)
SUB-

वाद–विवाद एवं हर्जे–खर्चे व निपटारे की जिम्मेदारी द्वितीय पक्ष की होगी।

4. द्वितीय पक्ष विकासकर्ता को यह अधिकार प्राप्त होगा कि वह उक्त यूनिट फ्लोर के प्रस्तावित क्रेताओं से बुकिंग राशि, अग्रिम राशि, किश्ते, विक्रय प्रतिफल की सम्पूर्ण राशि अन्य प्रकार की राशि अपने नाम से प्राप्त कर उसकी रसीद अपने नाम से जारी कर सकेगा।

5. द्वितीय पक्ष विकासकर्ता निर्माण सामग्री, निर्माण पद्धति, निर्माण कार्य में काम आने वाले उपकरण एवं इसी प्रकार की रीतियों का उपयोग निर्माण कार्य के दौरान कर सकेगा लेकिन यहाँ यह स्पष्ट किया जाता है कि सभी उपकरण एवं सामग्री आई.एस.आई. मार्क की ही उपयोग में लाई जा सकेगी।

10. प्रतिभूति :–

1. द्वितीय पक्ष विकासकर्ता एवं प्रथम पक्ष के मध्य यह तय पाया गया है कि द्वितीय पक्ष विकासकर्ता प्रथम पक्ष को 7,50,000/– (अक्षरे सात लाख पचास हजार रूपये) की राशि का भुगतान बतौर पुर्नभुगतान योग्य प्रतिभूति जमा अदा करना तय हुआ है, जो निम्न प्रकार हैं:–

क्रं.सं.	चैक नं.	राशि	दिनांक	बैंक का नाम
01.	680226	7,50,000/–	11.05.2015	ऑरियन्टल बैंक ऑफ कामर्स, शाखा चित्रकूट, गांधी पथ, जयपुर

11. विक्रय के अधिकार :–

1. यह कि इस इकरारनामा (विकास) की शर्तों के अनुरूप प्रस्तावित बहुमंजिला आवासीय परिसर में प्रथम पक्ष स्वामी अपने 25 प्रतिशत हिस्से फ्लेटों की बुकिंग, विक्रय, विपणन, विक्रय पत्र निष्पादन एवं उसका पंजीयन करवा सकेगा तथा इसी प्रकार द्वितीय पक्ष विकासकर्ता अपने 75 प्रतिशत हिस्से फ्लेटों की बुकिंग, विक्रय, विपणन, विक्रय पत्र निष्पादन एवं उसका पंजीयन करवा सकेगा, जिससे कि प्रथम पक्ष स्वामी एवं द्वितीय पक्ष विकासकर्ता पूर्ण रूप से सहमत हैं, जिसमें किसी भी पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं हैं।

12. दैविक कार्य :–

1. यदि उक्त परियोजना किसी दैविक कार्य जैसे कि प्राकृतिक आपदाओं के कारण न्यायालय के स्थगन आदेश या अन्य तथा निर्माण सामग्री की अनुउपलब्धता के कारण उक्त परिसर का निर्माण या/और उक्त भूखण्ड ही समाप्त प्राय हो जाता है या/और उक्त किसी कारण से इस विकास अनुबन्ध लागू करना असंभव हो जाता है तो कोई भी पक्ष किसी से भी किसी भी प्रकार का कोई भी हर्जा–खर्चा प्राप्त करने का अधिकारी नहीं होगा।

13. सामान्य :–

1. प्रथम पक्ष द्वितीय पक्ष विकासकर्ता को आश्वस्त करता है कि प्रथम पक्ष के स्वामी, मालिक, अधिकारी एवं काबिज हैं जिसमें किसी भी अन्य व्यक्ति, संस्था, कम्पनी, समिति, फर्म आदि को साझा एवं हिस्सा कभी भी नहीं रहा है और ना ही उक्त वर्णित भूखण्ड को प्रथम पक्ष या/और उनके किसी भी उत्तराधिकारी, वारिस, विधिक प्रतिनिधि एजेण्ट,

For JAI...
Partner

उप पंजीयक
जयपुर सप्तम

For Samanvay Infrabuild LLP
Designated P...

(सप्तम) (राज.)
सत्यमेव जयते
SUB-REGISTRAR

अटार्नी, अधिकश्त प्रतिनिधि आदि ने किसी को भी अन्यत्र रहन, बय, बख्शीश, मुन्तकिल, आदि ही किया है और ना ही किसी मुकदमें, इष्तदाई, इजराय डिक्री कुर्क, कीलाय आदि में सम्मिलित है और ना ही किसी बैंक, कम्पनी, फर्म, सरकारी या अर्द्ध सरकारी, संस्था का ही कोई ऋण व भार आदि बकाया है। इस प्रकार उक्त सम्पूर्ण भूखण्ड हर प्रकार के भार आदि से मुक्त होकर हर प्रकार से पाक व साफ एवं सुरक्षित है लेकिन इस विकास अनुबन्ध के प्रभावी रहने के दौरान भविष्य में यदि द्वितीय पक्ष विकासकर्ता यह पाता है कि उक्त परियोजना या उसके किसी भी भू–भाग में प्रथम पक्ष के स्वामित्व में कोई खोट है या/और उक्त भूखण्ड किसी भी न्यायिक प्रक्रिया में प्रश्नगत है, लम्बित है या उक्त भूखण्ड के विरूद्ध प्रथम पक्ष के स्वामित्व के विरूद्ध कोई डिक्री, आदेश पारित है तो प्रथम पक्ष अपने स्तर पर अपने हर्जे–खर्चे पर उसका निपटारा करेगा लेकिन यदि उक्त विवाद के कारण उक्त परियोजना के रूक जाने पर देरी होने की स्थिति में उक्त परियोजना की पूर्णता की निर्धारित अवधि स्वतः ही उक्त देरी की अवधि के अनुपात में स्वतः ही बढ़ जावेगी एवं यदि उक्त विवाद के कारण उक्त परियोजना समाप्त प्राय ही हो जाए तो प्रथम पक्ष द्वितीय पक्ष विकासकर्ता को क्षतिपूर्ति करेगा।

2. दोनों पक्षों के मध्य पत्राचार इस विकास अनुबन्ध के पेज नं. 1 पर अंकित पतों पर जरिये पंजीकश्त डाक द्वारा किया जावेगा एवं यदि भविष्य में उक्त पतों पर बदलाव आता है तो संबंधित पक्ष दूसरे पक्ष को उक्त बदलाव के सात दिवस के भीतर–भीतर जरिये पंजीकश्त डाक सूचित करेगा।

3. द्वितीय पक्ष विकासकर्ता अपने द्वारा इस विकास अनुबन्ध की किसी भी शर्त/शर्तों के उल्लंघन होने की स्थिति में प्रथम पक्ष को उक्त उल्लंघन के कारण होने वाली सभी प्रकार की नुकसानों एवं क्षति की क्षतिपूर्ति करेगा। इसी प्रकार प्रथम पक्ष अपने द्वारा इस विकास अनुबन्ध की किसी भी शर्त/शर्तों के उल्लंघन होने की स्थिति में द्वितीय पक्ष विकासकर्ता को उक्त उल्लंघन के कारण होने वाली सभी प्रकार की नुकसानों एवं क्षति की क्षतिपूर्ति करेगा।

4. प्रथम पक्ष एवं द्वितीय पक्ष विकासकर्ता द्वारा यह विकास अनुबन्ध प्रिन्सिपल टू प्रिन्सिपल बेसिस पर किया है एवं इसका कोई भी भाग ना तो सेवा संविदा, ना भागीदारी फर्म, ना विक्रय, ना सम्पत्ति का हस्तान्तरण, ना ही संयुक्त उपक्रम, ना ही कोई व्यक्तियों का समूह, समिति आदि के रूप में नहीं माना जावेगा।

14. मध्यस्थ :–

1. यह है कि दोनों पक्षों के मध्य उत्पन्न होने वाले विवाद एवं इस अनुबन्ध की शरायतों एवं शर्तों के अर्थान्वयन एवं निर्वचन के लिए उक्त विवाद एवं प्रश्न को दोनों पक्षों की आपसी सहमति से नियुक्त मध्यस्थ को प्रेषित किया जाएगा। उक्त मध्यस्थ का निर्णय दोनों पक्षों में सहमति होने पर बाध्यकारी माना एवं समझा जावेगा। यदि दोनों पक्ष सहमत नहीं है तो असन्तुष्ट पक्ष न्यायालय में जा सकेगा जोकि जयपुर क्षेत्राधिकार में

For JAIPUR GRAND
PARTNER

For Samanvay Infrabuild LLP
Designated Partner

उप पंजीयक
जयपुर, सप्तम

जयपुर (स
SUB-REGIS
जयपुर (सप्तम) (राज.)
SUB-REGISTRAR, JAIPUR

ही स्थित है।

15. क्षेत्राधिकार :–

1. यह है कि यह इकरारनामा (विकास) केवल जयपुर में स्थित अधिनस्थ न्यायालयों एवं माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय की जयपुर पीठ के क्षेत्राधिकार के अधीन माना एवं समझा जावेगा।

अतः यह विकास अनुबन्ध दोनों पक्षों ने 100/– रुपये के मुद्रांक पत्र एवं पन्द्रह पाई पेपरों पर अनुबन्ध की सम्पूर्ण शर्तों को दोनों ने अपनी रजामन्दी से व पूर्ण सहमति से तय करके अपने हित व अहितों को सोच समझकर बिना किसी भय के, बिना नशे पते के पूर्ण होश–हवास की दुरूस्ती में बिना किसी दबाव के पूर्ण सहमति से स्वीकार कर इस विकास अनुबन्ध की सभी शर्तों को सुनकर समझकर व पढ़कर स्वीकार करते हुये लिखकर गवाहान के समक्ष अपने–अपने हस्ताक्षर कर दिये है व साक्षीयों ने भी दोनों पक्षों के समक्ष अपने–अपने हस्ताक्षर कर दिये है, जो सही है। सनद् रहे वक्त जरूरत काम आवें। इति दिनांक :– 06 मई सन् 2015 ईस्वी।

हस्ताक्षर प्रथम पक्ष स्वामी

For JAIPUR GRAND

PARTNER

हस्ताक्षर द्वितीय पक्ष विकासकर्ता

For Samanvay Infrabuild LLP

Designated Partner

हस्ताक्षर गवाह :..

नाम :– मकसूद खान आयु 34 वर्ष

पिता का नाम :– कासम खान जाति मुसलमान

पता :– 189, भारत रेजीडेन्सी, मोती नगर, क्वींस रोड़ जयपुर

उप–पंजीयक जयपुर (सप्तम) (राज.) • पंजीयन विभाग • सत्यमेव जयते • SUB-REGISTRAR

हस्ताक्षर गवाह :..

नाम :– श्री बलवीर चौधरी आयु 25 वर्ष

पिता का नाम :– श्री गणेश नारायण चौधरी जाति जाट

पता :– ग्रात टीलावास, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर

उप पंजीयक
जयपुर, सप्तम

जयपुर
पंजीयन
SUB-REGI
(सप्तम) (राज.)
पंजीयन विभाग
सत्यमेव जयते
SUB-REGISTRAR

–:: कार्य सूची एनेक्चर–1 (स्पेसिफिकेशन ऑफ वर्क) ::–

1. ढांचे की डिजायन के अनुसार नीवं निर्माण।
2. ढांचे की डिजायन के अनुसार आर.सी.सी. बीम व कॉलम द्वारा ढांचे का निर्माण।
3. पानी का 8 इंच बोरिंग।
4. सेमी मॉडल्यूलर किचिन।
5. पानी का अण्डरग्राउण्ड व ओवर हैड टैंक।
6. 4" इंच मोटी ईट की दीवारों का निर्माण मय सीमेंट प्लास्टर।
7. समस्त आन्तरिक दीवारों पर सीमेंट प्लास्टर, प्लास्टर ऑफ पेरिस व बिरला पुट्टी की चिकनी फिनिशिंग होगी।
8. समस्त आन्तरिक दीवारों व छत पर उचित ब्राण्ड का पेंट होगा।
9. एक लिफ्ट जो कि कोनी, ओटीआईएस, जॉनसन 8 व्यक्ति के लिये रहेगी व सीढ़ियां कॉमन रहेगी।
10. फ्लेट्स के अंदर 2 इन्टू 2 की वर्टिफाईड टाईल्स लगाई जायेगी एवं कॉरीडोर व सीढ़ीयों में मार्बल लगाया जावेगा।
11. किचन व बाथरूम में जगुआर/पेरीवियर/शेरा या अन्य समान कम्पनी की फिटिंग लगाई जायेगी।
12. प्रत्येक कमरे में लाईट व पंखे लगाये जायेंगे।
13. अल्ट्राटेक, जे.के. लक्ष्मी, वण्डर, श्री इनमें से कोई भी हो सकती है जो भी उपलब्ध होगी।
14. छत पर लिफ्ट रूम होगा व सीढ़ियों के कमरा बनाया जायेगा।
15. सरिया शर्मा/मंगला/भास्कर काम में लिया जायेगा।
16. सभी दरवाजों पर फ्लश डोर लगाये जायेंगे।
17. खिड़की व दरवाजे एलिवेशन के अनुसार होगी।
18. बिजली के तार व स्विच वीगार्ड/फिनॉलेक्स/वीटो या अन्य समान कम्पनी आईएसआई मार्क के होंगे।
19. कॉमन ऐरिया में पावर बैंकअप के लिये जनेटर लगाया जायेगा।
20. वुडन वार्ड–रॉब लगाई जावेगी।

For JAIPUR GRAND

PARTNER

For Samanvay Infrabuild LLP

Designated Partner

उप पंजीयक
जयपुर, सप्तम्

उप पंजीयक जयपुर (प्रथम) (राज.)
REGISTRAR, JAIPUR
पंजीयन विभाग
सत्यमेव जयते

Government of Rajasthan
OFFICE OF SUB REGISTRAR SR VII
JAIPUR

क्रमांक 83 / 11.5.15

दिनांक 06-05-2015 17:18:09

वास्ते

(1) विक्रेता--PAWAN SRIVASTAVA 143, GROUND FLOOR HOTEL KIRANPLACE KE SAMNE NIRMAN NAGAR AJMER RO.
(2) क्रेता --SANDEEP GODARA AS DIR INFRABUILD LLP. 189, BHARAT RESIDENCY MOTI NAGAR QUEENS ROAD JAIP

नोटिस अन्तर्गत धारा 54 मुद्रांक अधिनियम

आपके द्वारा / हक में निष्पादित दस्तावेज जो पंजीयन हेतु दिनांक 06-05-2015 को कार्यालय में प्रस्तुत हुआ। दस्तावेज का निरीक्षण दिनांक 06-05-2015 को किया गया।

उक्त विलेख द्वारा अन्तरित सम्पति का प्रचलित बाजार दर/निरीक्षण द्वारा सही मार्केट वेल्यू रू0 10010000 होती है जिस पर रू0 100100 मुद्रांक कर एंव रू0 100100 पंजीयन शुल्क देय होता हैं। एवं डवलपर एग्रीमैण्ट 'शेयर की ड्यूटी 1 प्रतिशत अतिरिक्त होती है आप द्वारा रू0 100100 मुद्रांक कर एंव रू0 100100 पंजीयन शुल्क जमा कराये गये हैं। अतः आपको सूचित किया जाता हैं कि आप बकाया मुद्रांक कर रू0 75075, सरचार्ज 7507 एवं पंजीयन शुल्क रू0 0 कुल रू0 82582 दिनांक 13-05-2015 तक जमा करावें अन्यथा प्रकरण राज. मुद्रांक अधिनियम की धारा 51 के तहत कलक्टर (मुद्रांक) को प्रस्तुत किया जाकर आपके विरूद्व बकाया मुद्रांक कर की दस गुणा तक शास्ति कायम करनें हेतु लिख दिया जायेगा। बकाया राशि पर 18 प्रतिशत की दर से ब्याज भी देय होगा।

उप-पंजीयक जयपुर (सप्तम) (राज.) पंजीयन विभाग सत्यमेव जयते SUB-REGISTRAR, JAIPUR-VII

यह आज दिनांक 06-05-2015 17:18:09को मेरे हस्ताक्षर एंव कार्यालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

2015400004736

उप पंजीयक, JAIPUR-VII
उप पंजीयक
जयपुर सप्तम